Tender Heart High School, Sector-33-B, Chandigarh.

कक्षा - दसवीं
दिनांक - 08 अप्रैल, 2024

विषय - हिन्दी व्याकरण
शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक : सरस हिन्दी व्याकरण भाग नौ एवं दस

उपविषय - विलोम शब्द

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम कक्षा दसवीं की हिन्दी व्याकरण की पाठ्य पुस्तक सरस हिन्दी व्याकरण भाग नौ एवं दस की पृष्ठ संख्या 262 पर दिए विलोम शब्दों का अध्ययन करेंगे। यह कार्य आपको 12 अप्रैल, 2021 को भेजा जा रहा है। यह आवाज़ कल्पना शर्मा की है।

बच्चो ! आप सभी अपनी-अपनी व्याकरण की पुस्तक की पृष्ठ संख्या 262 पर दिए गए विलोम शब्द निकाल लें साथ ही व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका भी निकाल कर रख लें और पढ़ने के लिए भी तैयार हो जाएँ। पाठ के मध्य आपसे कुछ प्रश्न भी पूछे जाएँगे। उन प्रश्नों के उत्तर आप अपनी ऑडियो को तीन मिनट के विराम में लिखेंगे। अत: पाठ को ध्यानपूर्वक सुनना एवं समझना आवश्यक है।

किसी शब्द का विपरीत (उलटा) अर्थ देने वाले शब्द 'विलोम या 'विपरीतार्थक शब्द' कहलाते हैं। जैसे तुलसीदास सगुण ब्रह्म के उपासक थे और कबीर निर्गुण के। इस वाक्य में **सगुण-निर्गुण** उलटा या विपरीत अर्थ का बोध करा रहे हैं। व्याकरण में ऐसे शब्दों को विलोम या विपरीतार्थक शब्द कहा जाता है।

शब्दों के अपने निश्चित अर्थ होते हैं। उन अर्थों

के विपरीत अर्थ देने वाले शब्द कई प्रकार से बनते हैं :-

1. उपसर्ग जोड़कर - यश - अपयश, मान - अपमान, घात - प्रतिघात, राग - विराग, जय - पराजय आदि।
2. उपसर्ग-परिवर्तन द्वारा - आदान - प्रदान, संयोग - वियोग, सुलभ - दुर्लभ, उपकार - अपकार, आयात - निर्यात आदि।
3. नञ् (नकरात्मक) द्वारा - लौकिक - अलौकिक, क्षर - अक्षर, आदि - अनादि, संभव - असंभव, सभ्य - असभ्य आदि।
4. प्रत्ययवत् प्रयुक्त शब्द परिवर्तन द्वारा - श्रीयुत - श्रीहीन, दयापूर्ण - दयाशून्य, गतिवान - गतिहीन, केंद्राभिगामी - केंद्रापसादी, गतिविकास - गतिह्रास आदि।
5. लिंग परिवर्तन द्वारा - माता - पिता, बेटा - बेटी, राजा - रानी, भाई - बहन, वर - कन्या आदि।
6. भिन्न शब्द द्वारा - मूक - वाचाल, गुरु - लघु, लाभ - हानि, कटु - मधु आदि।

बच्चो ! अब आपकी पुस्तक पर दिए कुछ विलोम शब्दों पर चर्चा करेंगे। आपका ध्यान अपनी - अपनी पुस्तक पर ही केन्द्रित होना चाहिए। कक्षा नौवीं में आपको अधम से दानव तक करवा दिए गए हैं। अब हम पृष्ठ संख्या 262 पर दिए धनी से आरंभ करेंगे। इन शब्दों को आप सभी मेरे पीछे ऊँचे स्वर में दोहराएँगे।

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| धनी | निर्धन | निर्माण | ध्वंस |
| नाश | निर्माण | निंदा | प्रशंसा / |
| नित्य | अनित्य | | स्तुति |
| निर्मल | मलिन | निद्रा | जागरण |
| निषेध | विधि | निरर्थक | सार्थक |

कक्षा - दसवीं  शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण (विलोम शब्द)  08/04/2025

Page-3

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| नैसर्गिक | कृत्रिम | नूतन | पुरातन |
| पक्ष | विपक्ष | न्याय | अन्याय |
| परतंत्र | स्वतंत्र | परमार्थ | स्वार्थ |
| परिश्रम | आलस्य | प्रधान | गौण |
| दृढ़ | विचलित | प्रवृत्ति | निवृत्ति |
| दुर्बल | सबल | दुर्जन | सज्जन |
| दूषित | स्वच्छ | दुर्लभ | सुलभ |
| धूप | छाँव | धर्म | अधर्म |
| नश्वर | शाश्वत | धृष्ट | विनीत |
| निर्दोष | दोषी | नास्तिक | आस्तिक |
| निरक्षर | साक्षर | निर्जीव | सजीव |
| निष्काम | सकाम | निश्चेष्ट | सचेष्ट |
| निंद्य | वंद्य / अनिंद्य | नेकी | बदी |
| पुरस्कृत | दंडित | पंडित | मूर्ख |
| प्रख्यात | कुख्यात | पवित्र | अपवित्र |
| प्रलय | सृष्टि | प्रत्यक्ष | परोक्ष |
| पालक | संहारक | पाप | पुण्य |
| पुरातन | नवीन | प्राचीन | अर्वाचीन |
| पौर्वात्य | पाश्चात्य | प्रेम | घृणा |
| बढ़िया | घटिया | बंधन | मुक्ति / मोक्ष |
| भद्र | अभद्र | बाह्य | आभ्यंतर |
| भारी | हलका | भला | बुरा |
| भेद | अभेद | भूत | भविष्य |
| मान | अपमान | मर्त्य | अमर, अमर्त्य |
| | | मालिक | नौकर |

बच्चो ! अभी हमने जिन विलोम शब्दों का अध्ययन किया है इनमे कुछ शब्द कठिन भी हैं। आइए ! उन शब्दों के अर्थ भी जान लेते हैं। अर्थ स्पष्ट हो जाने

से विलोम शब्दों को स्मरण करने में सहायता मिलेगी। इनमें एक शब्द है नैसर्गिक जिसका अर्थ होता है प्राकृतिक। नैसर्गिक का विलोम कृत्रिम है और कृत्रिम का अर्थ होता है बनावटी। इसी प्रकार नश्वर शब्द का अर्थ है नाश होने वाला एवं शाश्वत इसका विलोम है जिसका अर्थ है सदा रहने वाला। निष्काम - सकाम में निष्काम का अर्थ है कामना रहित और सकाम का अर्थ है कामना युक्त। इसी प्रकार निंद्य - वंद्य में निंद्य का अर्थ होता है निंदा के योग्य और वंद्य इसका विपरीत है जिसका अर्थ है वंदना अथवा पूजा के योग्य। प्रख्यात - कुख्यात में प्रख्यात का अर्थ है प्रसिद्ध और कुख्यात का अर्थ है बदनाम। एक और शब्द है पालक-संहारक इसमें पालक का अर्थ है पालना करने वाला और संहारक का अर्थ है नाश करने वाला। दूसरी ओर एक शब्द दिया गया है परमार्थ - स्वार्थ। इसमे परमार्थ का अर्थ है परोपकारी एवं स्वार्थ का अर्थ है मतलब। इसी प्रकार धृष्ट का अर्थ होता है उद्दण्ड और विनीत इसका विलोम है जिसका अर्थ है विनय से युक्त। बाह्य - आभ्यंतर में बाह्य का अर्थ है बाहरी और आभ्यंतर का अर्थ है आंतरिक अथवा भीतरी।

बच्चो! अब आगे दिए विलोम शब्दों को भी पढ़ेंगे। आपका ध्यान इसी प्रकार पुस्तक पर ही केन्द्रित होना चाहिए। इन शब्दों को आप भी मेरे साथ ऊँचे स्वर में दोहराएँगे।

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| मेहनती | आलसी | मुनाफ़ा | नुकसान |
| यथार्थ | कल्पित | यौवन | वार्धक्य |
| रक्षक | भक्षक | राग | विराग |
| राजा | प्रजा | लघु | गुरु |
| लिप्त | निर्लिप्त | लौकिक | अलौकिक |

कक्षा - दसवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण (विलोम शब्द)



| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| वक्र | ऋजु, सरल | विकल्प | संकल्प |
| वादी | प्रतिवादी | प्रारंभिक | अंतिम |
| पूर्व | पश्चिम | पूर्णिमा | अमावस्या |
| बूढ़ा | बच्चा | बद्ध | मुक्त |
| बलवान | बलहीन | बाढ़ | सूखा |
| बुरा | भला | भाग्यवान | भाग्यहीन |
| भूगोल | खगोल | भूलोक | द्युलोक |
| भौतिक | आध्यात्मिक | मनुज | दनुज |
| महात्मा | दुरात्मा | मानवीय | अमानवीय |
| मिलन | विग्रह | मृत | जीवित |
| मुख्य | गौण | मूक | वाचाल |
| मंगल | अमंगल | यश | अपयश |
| योगी | भोगी | रचना | ध्वंस, विनाश |
| रत | विरत | रिक्त | पूर्ण |
| लिखित | मौखिक | लोभी | संतोषी |
| लेन | देन | वन | मरु |
| वसंत | पतझड़ | वृद्धि | ह्रास |
| बृहत् | लघु | विपत्ति | संपत्ति |
| विशाल | क्षुद्र | विश्वास | अविश्वास |
| विष | अमृत | शकुन | अपशकुन |
| शयन | जागरण | शांत | अशांत |
| शासक | शासित | श्लील | अश्लील |
| शुष्क | आर्द्र | शोषण | पोषण |
| सगुण | निर्गुण | सजल | निर्जल |

बच्चो ! उपर्युक्त विलोम शब्दों में जो शब्द कठिन हैं, उनके अर्थ भी जान लेते हैं। लिप्त-निर्लिप्त में लिप्त का अर्थ है लीन, मग्न एवं निर्लिप्त का अर्थ है जिसका किसी से लगाव न हो। इसी प्रकार

वक्र का अर्थ है टेढ़ा एवं ऋजु इसका विलोम है। ऋजु का अर्थ है सीधा। भौतिक - आध्यात्मिक में भौतिक शब्द का अर्थ है सांसारिक एवं आध्यात्मिक का अर्थ है परमात्मा और आत्मा से संबंधित। मंगल-अमंगल में मंगल का अर्थ है शुभ और अमंगल का अर्थ है अशुभ। इसी प्रकार यौवन - वार्धक्य में यौवन का अर्थ है युवावस्था और वार्धक्य का अर्थ है बुढ़ापे की अवस्था। वृद्धि - ह्रास में वृद्धि का अर्थ है बढ़ना और ह्रास का अर्थ है कम होना या घटना।

बच्चो! अब मैं आपसे इन विलोम शब्दों से संबंधित कुछ प्रश्न पूछूँगी। उन प्रश्नों को सुनकर आप तीन मिनट के लिए अपनी ऑडियो को रोकेंगे एवं उन प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न 1. विलोम शब्द किसे कहते हैं?

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द युग्म सही है:-

(क) शोक - सरल (ख) तरल - तरुण
(ग) रक्षक - भक्षक (घ) बद्ध - व्याकुल

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :-

(क) निद्रा (ख) यश (ग) भौतिक।

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के सही विलोम शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-

(क) समुद्र तट के कई भागों की जलवायु आर्द्र है तथा रेगिस्तान क्षेत्र की जलवायु ______ है।
(ख) निरर्थक बातें छोड़कर ______ बातें करो।

बच्चो! प्रश्नो के उत्तर लिखने के लिए दी गई अवधि अब समाप्त हो चुकी है। आशा है कि आपने उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर लिख लिए होंगे। अब मैं आपको उन्हीं प्रश्नों के उत्तर बताने जा रही हूँ जो इस प्रकार हैं :-

कक्षा - दसवीं    शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण ( विलोम शब्द )

09/04/2024



उत्तर 1. विपरीत अर्थ का ज्ञान कराने वाले शब्द विलोम शब्द या विपरीतार्थक शब्द कहलाते हैं।

उत्तर 2. निम्नलिखित में से शब्द युग्म सही है :-
रक्षक - भक्षक

उत्तर 3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :-
(क) निद्रा - जागरण (ख) यश - अपयश
(ग) भौतिक - आध्यात्मिक ।

उत्तर 4. (क) समुद्र तट के कई भागों की जलवायु आर्द्र है तथा रेगिस्तान क्षेत्र की जलवायु शुष्क है।
(ख) निरर्थक बातें छोड़कर सार्थक बातें करो।

बच्चो ! आज हमने धनी से निर्जल तक विलोम शब्द कर लिए हैं। आप इन शब्दों को दो-तीन बार अवश्य दोहराएँगे। अब मैं आपको गृहकार्य दे रही हूँ। इस कार्य को आप अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

## गृहकार्य

सभी छात्र सरस हिन्दी व्याकरण की पृष्ठ संख्या 262 एवं 263 पर दिए विलोम शब्द धनी से निर्जल तक अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद भी करेंगे। इस कार्य को सभी छात्र सुन्दर लिखाई में करेंगे।

धन्यवाद ।

[अंतिम पृष्ठ]